भाजपा प्रत्याशी के प्रचार में पार्टी के बागी, यादव का फार्म उठवाने हेलीकाप्टर से आएंगे विजयवर्गीय

आज नामांकन वापसी का दिन, वंशवाद-परिवारवाद के मुद्दे पर निर्दलीय मैदान में है पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव यादव

चैतन्य लोक • धार
chaitanyalok.page

चंद महीनों के अंदर भाजपा की राजनीति में बड़े उतार-चढ़ाव सामने आ रहे है। टिकिट वितरण के बाद वंशवाद-परिवारवाद के नारे के साथ पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव यादव ने प्रत्याशी परिवर्तन की मांग को अनसुना होने पर निर्दलीय नामांकन जमा कर दिया है। वहीं कुछ माह पूर्व नगरपालिका चुनाव में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के समक्ष बागी होकर चुनाव लड़ने वाले पार्षद भाजपा की विधानसभा प्रत्याशी नीना विक्रम वर्मा के समर्थन में मैदान में उतर गए है। आसान भाषा में समझा जाए तो बीते कल का संगठन आज बगावत पर मजबूर है और नगरपालिका चुनाव के बागी अब भाजपा प्रत्याशी के प्रचार में मैदान में उतर गए है। प्रत्याशी के प्रचार में पार्षद सलोनी पिपलोदिया सहित रंजना अजय राठौर सक्रिय हो गई है। वहीं ब्रह्माकुंडी के जनसंपर्क में नगर पालिका चुनाव में अधिकृत प्रत्याशी के समक्ष निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले भी प्रचार में दिखाई दे रहे है। इधर जिला पंचायत में भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार निर्भयसिंह पटेल के सामने बागी होकर चुनाव लड़ने वाले भी वर्तमान में भाजपा प्रत्याशी के साथ खड़े है। अभी तक जिन-जिन ने पार्टी के सामने नीति से नाराज होकर बगावत की है वह सभी पार्टी के साथ खड़े है। चाहे वरिष्ठ नेता प्रभु राठौर हो या अशोक जैन।

कैलाश विजयवर्गीय आज धार में

आज 2 नवंबर नामांकन फार्म वापसी की तिथि है। अलग-अलग विधानसभाओं में नीति व टिकिट वितरण से उपजे असंतोष से निर्दलीय मैदान में खड़े भाजपा नेताओं के फार्म वापसी की संभावनाएं है। इनमें सबसे चर्चित नाम मनावर विधानसभा से पूर्व मंत्री रंजना बघेल और धार विधानसभा से पूर्व जिलाध्यक्ष राजीव यादव का नाम प्रमुख है। धार में राजीव यादव का चुनाव लड़ना लगभग तय हो गया है। पार्टी ने उन्हें मनाने की जिम्मेदारी कैलाश विजयवर्गीय को सौंपी है। 2 नवंबर को श्री विजयवर्गीय हेलीकाप्टर के माध्यम से धार आएंगे। संभावना है कि वह राजीव यादव का नामांकन फार्म वापस करवा सकते है। हालांकि पिछले मुख्य विधानसभा चुनाव में कैलाश वियजवर्गीय बदनावर में भाजपा के बागी राजेश अग्रवाल का फार्म उठवाने गए थे। वहां पर उनकी समझाईश बेअसर रही थी। उपचुनाव में अग्रवाल ने उनकी बात मानी थी।

30 हजार से जीते विधायक का टिकिट कटा था

धार विधानसभा में बीते 45 सालों से पूर्व केन्द्रीय मंत्री विक्रम वर्मा और उनकी पत्नी व वर्तमान भाजपा प्रत्याशी नीना वर्मा चुनाव लड़ती आ रही है। 2003 में जब धार में संघ का खासा प्रभाव था उस दौरान टिकिट संघ से जुड़े जसवंतसिंह राठौर का दिया गया था। उन्होंने करीब 30 हजार के लगभग मतों से रिकार्ड जीत हासिल की थी। 2008 में उन्हें फिर से अवसर मिलना था, लेकिन अज्ञात कारणों से पार्टी ने उनका टिकिट काटकर श्रीमती नीना वर्मा को उम्मीदवार बनाया था। 6 हजार लगभग मतों से पिछला विधानसभा चुनाव जीती श्रीमती वर्मा का टिकिट बदलने की संभावनाएं थी, लेकिन पार्टी ने उन्हें चौथी मर्तबा मौका दिया। इस तरह की चौंकाने वाली कई राजनैतिक स्थितियां धार विधानसभा में नगरपालिका से लेकर छोटे-बड़े सभी चुनावों में दिखाई देती है।

मुश्किल है नामांकन वापसी

राजीव यादव को श्री विजयवर्गीय का खास समर्थक माना जाता है। हालांकि अभी भी यादव के फार्म उठाने की संभावनाएं कम है। सूत्रों की माने तो 3 नवंबर से श्री यादव का जनसंपर्क भी शुरू हो जाएगा। नामांकन तिथि गुजरने के बाद यादव के समर्थन में पार्टी के कई जमीनी नेताओं के सक्रिय रूप से मैदान में उतरने की संभावना है। दरअसल वंशवाद के जिस मुद्दे को लेकर यादव ने बगावती रूख अपनाया है उस मुद्दे को लेकर यादव बीते कुछ दिनों से लगातार पार्टी के घर बैठे जमीनी नेताओं से संपर्क कर समर्थन की मांग कर रहे है।

बगावत अभी तक सफल नहीं

धार विधानसभा में श्री वर्मा का विरोध नई बात नहीं है। इसके पूर्व वरिष्ठ भाजपा नेता प्रभु राठौर उनके समक्ष निर्दलीय चुनाव लड़ चुके है। वहीं इसी मुद्दे को लेकर संघ के पूर्व जिला प्रचारक नवलकिशोर शर्मा भी चुनाव लड़ चुके है। वहीं हिन्दू महासभा के समय भाजपा से जुड़े सावंत परिवार के सुनील सावंत भी चुनाव लड़ चुके है। तीनों बगावतें बेअसर रही है। इस मर्तबा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव यादव ने प्रत्याशी परिवर्तन की मांग को अनसुना करन पर निर्दलीय नामांकन भरा है। यादव को मजबूत उम्मीदवार माना जा रहा है। दरअसल उनके साथ धार, तिरला, पीथमपुर, दिग्ठान सहित ग्रामीण क्षेत्र के कई पुराने भाजपाईयों का खुला समर्थन है।

लुनियापुरा-छत्रीपाल क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी वर्मा ने किया जनसंपर्क

पूर्व केन्द्रीय मंत्री वर्मा आज करेंगे पीथमपुर-सागौर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

चैतन्य लोक • धार
chaitanyalok.page

धार विधान सभा से भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती नीना वर्मा ने बुधवार को धार नगर के विभिन्न वार्डों में जनसंपर्क किया। उन्होंने सुबह धार के भक्ताम्बर कालोनी, लुनियारापुरा, छत्रीपाल क्षेत्र में सघन जनसंपर्क कर घर-घर पहुंचते हुए मतदाताओं से आशीर्वाद प्राप्त कर विकास किया है, विकास करेंगे के लक्ष्य के साथ भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी श्रीमती वर्मा का जगह-जगह स्वागत किया गया तथा उन्हें पुष्प माला पहनाकर तिलक लगाया गया। जनसंपर्क में बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद थे। जानकारी धार विधानसभा मीडिया समन्वयक ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने दी।

आज होगा कार्यालयों का शुभारंभ

श्रीमती वर्मा 2 नवंबर गुरूवार को ग्राम करोंदिया से अपना जनसंपर्क प्रारंभ करेंगी। इसके बाद उज्जैनी में जन संपर्क कर दिग्ठान में मंडल कार्यालय का शुभारंम्भ करेंगी। इस दौरान आपके साथ वरिष्ठ नेता समंदर सिंह पटेल, कल्याण पटेल सहित सहित क्षेत्रीय वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। कार्यालय शुभारंभ पश्चात दोपहर 1 बजे ग्राम नारायणपुरा से पुन: जनसंपर्क प्रारंभ कर ग्राम नयापुरा, नजिक बड़ौदा, कुमार कराड़िया, निजामपुरा, सेजवानी बछड़ावदा में जनसंपर्क करेंगे। तत्पश्चात घाटा बिल्लोद में कार्यालय शुभारंभ अवसर पर मौजूद रहेगी। इस दौरान विधानसभा संयोजक उमेश गुप्ता, समंदर सिंह पटेल, कल्याण पटेल, डॉक्टर शरद विजयवर्गीय भी मौजूद रहेगी। धार विधानसभा मीडिया समन्वयक ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि 2 नवंबर को पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा सागौर व पीथमपुर में भाजपा के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान क्षेत्रीय पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

लूट की वारदात करने वाले बदमाश धराए

दो आरोपी गिरफ्तार, 48 घंटे में पुलिस की कार्रवाई

चैतन्य लोक • धार/ टांडा
chaitanyalok.page

कुछ दिनों पूर्व टांडा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरवाली के नजदीक बाईक पर सवार तीन युवकों को पत्थर से चोंट पहुंचाकर हीरो होंडा साईन मोटर साइकिल लूटकर भागे बदमाशों को पुलिस ने पकड़ लिया है। मुखबिर की सूचना पर नरवाली जा रहे बदमाशों को काकड़दा फाटे के पास घेराबंदी करके पकड़ा गया है। इस दौरान बदमाश राजेश पिता सज्जनसिंह डावर निवासी बांकी से एक देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस मिले है। वहीं एक अन्य बदमाश विनेश पिता कुंवरसिंह अलाव निवासी बांकी से एक 12 बोर देसी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने के लिए मय हथियार के जा रहे थे। वाहन एवं हथियार सहित जब्त मश्रुके की कीमत 1,16,500 रुपए है।

इनकी रही भूमिका

बदमाशों को पकड़ने में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गुलाबसिंह भयड़िया, कार्यवाहक प्रधान आरक्षक मनोजकुमार बर्डे, आरक्षक राजकुमार गुर्जर, मनीश पाल, सुनील पंवार, संग्रामसिह लोधी, जितेन्द्र जमरा का योगदान रहा।

आबकारी विभाग ने 9 वृत्त क्षेत्रों में की कार्रवाई, 37 प्रकरण दर्ज

14 लाख की शराब व महुआ लहान किया जब्त

चैतन्य लोक • धार
chaitanyalok.page

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा के आदेश पर विधानसभा निर्वाचन-2023 को दृष्टिगत रखते हुए आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा विक्रय, परिवहन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाकर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जिले के 9 वृत्त क्षेत्रों में मंगलवार को अवैध मदिरा विक्रय, परिवहन के कुल 37 प्रकरण, मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत पंजीबद्ध किए गए। जिनमें 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पंजीबद्ध प्रकरणों में कुल 12.24 बल्क लीटर देशी मदिरा, 7.92 बल्क लीटर विदेशी मदिरा स्प्रिंट, 6.90 बल्क लीटर विदेशी मदिरा बियर, 35 लीटर अवैध ताडी एवं हाथ भट्ठी शराब बनाने के लिए संग्रहित किया हुआ कुल 12830 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 920 लीटर हाथ भट्ठी शराब जप्त की गई है। जप्त की गई मदिरा एवं महुआ लाहन का अनुमानित बाजार मूल्य 14 लाख एक हजार 672 रूपए है।

दिग्ठान क्षेत्र के गांवों में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में मनोजसिंह गौतम का जनसंपर्क

ग्रामीणों से कहा कांग्रेस के पक्ष में करे मतदान, विकास का वादा निभाएंगे

चैतन्य लोक • धार
chaitanyalok.page

कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती प्रभादेवी गौतम का सघन जनसंपर्क जारी है। बुधावर को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य मनोजसिंह गौतम ने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में दिग्ठान क्षेत्र के सेजवानी, एकलदूना, नजीक बरोदा, बंजारी नवासा, उज्जैनी, रातीखेडा, पातलिया, शंकरपुरा में जनसम्पर्क किया व मतदाताओं से जीत का आशीर्वाद मांगा।

शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

नारायणपुरा में जनसम्पर्क करने पहुंचे श्री गौतम ने छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर जनसम्पर्क प्रारंभ किया तथा मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। जनसम्पर्क के दौरान उनके साथ दिग्ठान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश वर्मा बाछनपुर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मोहनसिंह उज्जैनी, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अरूण दरबार पिपलिया, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष जुगल कपासिया, मंडल अध्यक्ष हुकुम पटेल, युवा कांग्रेस नेता अतुल पटेल, रमेश सागरे सिलोदा, रमेश चौधरी दिग्ठान, मलखान पटेल करोदिया, लखन तावरे, अरूण पटेल, परमानंद सेठ, प्रकाश पटेल, महेश पटेल बछडावदा, नारायण राजपूत, धनपाल जाट, रोहित पाटीदार सेजवानी, नारायण पटेल, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पाटीदार, मनोहरराज बैरागी, रामू मराठा, पंकज पटेल, लखन कावरे, प्रभु पंवार, अरविंद पहलवान, श्याम बाबा, पंकज पटेल, अर्जुन पाटीदार, मोहन जनपद, रमेश चौधरी दिग्ठान, भोला भाई, सुभाषराव, विशाल भाई सहित अनेकों कांग्रेस पदाधिकारीगण एंव कार्यकर्तागण मौजूद थे।

आज यहां करेंगे जनसंपर्क

गुरूवार को जिला पंचायत सदस्य मनोजसिंह गौतम नयापुरा, कुम्हार कराडिया, निजामपुरा, बछडावदा, सिलोदा, सिपराज, चंबलबरोदा, भिचैली, बकसाना, बगोदा, उमरिया आदि ग्रामों में जन से संपर्क करेंगे। वहीं धार विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती प्रभादेवी गौतम पीथमपुर के वार्ड क्रमाक 1, 2 एवं 3 मतदाताओं से जनसंपर्क कर जीत का आर्शीवाद लेगी। जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अशोक सोलंकी ने दी।

संघ अपने स्थापना वर्ष से ही देश सेवा के कार्य कर रहा है : गादिया

चैतन्य लोक • टांडा
chaitanyalok.page

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शाखा कोड़दा का पथ संचलन मंगलवार को निकला। संचलन ग्राम के मुख्य मार्ग से होते हुए पुन: स्कुल फल्य पहुंचा। जहां मुख्य वक्ता शुभम गादिया (उपखंड शारीरिक शिक्षण प्रमुख) ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ अपने स्थापना वर्ष सन् 1925 से ही देश सेवा के कार्य निरंतर कर रहा है। संघ अपने कई प्रकल्प के माध्यम से समाज सेवा, देश सेवा के कार्य करता आ रहा है। आज संघ विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। संघ के कार्यकर्ता किसी भी आपदा में बिना किसी भेदभाव के मदद के काम करते है। संघ के पहले सरसंघचालक परम पूज्य डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने 1925 मे संघ रूपी जो बीज बोया था वह आज विशाल वटवृक्ष बनकर फैला हुआ है।

मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मनाया, किया ध्वजारोहण

चैतन्य लोक • धार
chaitanyalok.page

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बुधवार को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित महाराजा भोज उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और मौजूद आमजनों द्वारा राष्ट्रगान भी गाया गया। साथ ही आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश गान का आयोजन भी हुआ और मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का भी प्रदर्शन किया गया।

मप्र बैडमिंटन लीग

साई के कनिष्क-कुशाग्र रहे उपविजेता

चैतन्य लोक, धार। मध्यप्रदेश बैडमिंटन लीग जो 26 से 29 अक्टूबर 2023 को इंदौर के इंदौर बैडमिंटन क्लब में संपन्न हुई। बैडमिंटन के साई कोच विनय मुकाती ने बात की पुरुष युगल वर्ग में धार के कनिष्क शर्मा और पीयूष बोबडे उपविजता रहे। पीयूष और कनिष्क की जोड़ी को इंदौर अनिकेत परदेसी और आर्यमन टंडन ने 09-15,15-08,14-15 से हराया। सेमीफाइनल में पीयूष और कनिष्क ने धार के यशपाल और इंदौर के अनस को 15-12,11-15,15-11 से हराया। बालक 19 के फाइनल में साई के कुशाग्र पांडेय ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। फाइनल में कुशाग्र को ग्वालियर के मृदुल बिरयानी ने 6-15,8-15 से हराया। बालक अंडर-17 में साई के नैवैद्य पांडेय को तृतीय स्तान प्राप्त हुआ। साथ ही सारइं के पूर्व खिलाड़ी और साई के मेंमबर कुणाल मकवाने ने 40 प्लस युगल में विजेता का स्थान प्राप्त किया। साई के तन्मय शर्मा, मुस्कान जाट, भव्या वसुनिया, यशपाल ने भी प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों को बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह पंवार, साई के केंद्र प्रभारी नरेश भावसार, बैडमिंटन प्रशिक्षक अनाद कुमार, बैडमिंटन प्रशिक्षक विनय मुकाती, तीरंदाजी प्रशिक्षक राजेश तंबोलिया सहित विकास कुमार और स्टॉफ कर्मचारियों ने बधाई दी।

तिरपाल में ढंककर छूपा रखी थी 90 हजार की अवैध बियर

रिंगनोद पुलिस ने की कार्रवाई, 1 आरोपी गिरफ्तार

चैतन्य लोक • धार
chaitanyalok.page

आगामी विधानसभा चुनाव-2023 को दृष्टिगत रखते हुए एसपी मनोजसिंह ने अवैध शराब की खरीदी-बिक्री, परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु एएसपी डॉ. इंद्रजीत बाकलवार के मार्गदर्शन में जिले के समस्त एसडीओपी व थाना प्रभारियों के साथ सायबर सेल धार को कार्रवाई हेतु निर्देशित किया है। इसी के तहत एसडीओपी सरदारपुर आशुतोष पटेल न थाना प्रभारी सरदारपुर प्रदीप खन्ना व चौकी प्रभारी रिंगनोद उपनिरीक्षक जेसी निनामा को निर्देशिमत किया। रिंगनोद पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम ढाकनबारी में आरोपी कालू पिता आलम मावी निवासी ढाकनबारी के घर के पास दीपवार की आड़ में तिरपाल से ढंककर छिपाकर रखी हुई 30 पेटी माउंट कम्पनी की बियर जब्त की है। जब्त बियर की कीमत 90 हजार रुपए है। मौके से आरोपी कालू को भी गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी रिंगनोद जे सी निनामा, सहायक उपनिरीक्षक दशरथसिंह चौहान, प्रधान आरक्षक थानसिंह जमरा, बच्चुसिंह, आरक्षक दिलीप बघेल, योगेश, शिव, विनोद की सराहनीय भूमिका रही।

कार्यालय नगर निगम, इन्दौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक **1. श्रीमती शहनाज गुल पति मोहम्मद अनीस, 2. काजल जयसिंघानी पिता स्व. श्री जगदीश कुमार, 3. गर्ग सिविकॉन प्रालि तर्फे अधिकृत डॉयरेक्टर शशांक पोखरना** के द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला स्थित निगम काउंटर झोन क्रमांक 32 राजस्व विभाग पर पिन नं./आई.डी. नं. **(1) 1003029514 (2) 1004603731 (3) 1001065048** पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान नं. **(1) सर्वे नं. 105/1/2 ग्राम भंवरासला, इन्दौर, (2) 441 पीस पाइंट 101 हेरिटेज सुईट लिम्बोदी, इन्दौर, (3) 16-1 रेसकोर्स रोड 302 तेजसमीर अपार्ट., इन्दौर** के दर्ज नाम पर सम्पति का नामान्तरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पति के नामान्तरण पर आपत्ति हो तो पंजीयन कार्यालय मोती तबेला झोन क्रमांक-32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
पंजीयन कार्यालय मोती तबेला
काउंटर नं. 32
नगर निगम इन्दौर

ICICI Home Finance | **कॉरपोरेट कार्यालय:** आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफ टॉवर, अंधेरी- कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत

शाखा कार्यालय : ऑफिस नं.-106, पहलामाला, पुखराज कार्पोरेट, नवलखा, इन्दौर-45001

(नियम 8 (6) के प्रावधान देखें)

अचल मालमत्ता के बिक्री के लिए सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी जाती है।

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओ) और गारंटर (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी / चार्ज की गई है, जिसका **प्रतीकात्मक कबजा** इसके प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को यहां दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा;

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार कानूनी उत्तराधिकारी का नाम कर्ज खाता क्रमांक	सुरक्षित परिसंपत्ति (संपत्तियों) का विवरण जिसमें ज्ञात संपत्ति हो, कोई हो।	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / बयाना राशि	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	राजेन्द्र कुमार गर्ग (उधारकर्ता), संध्या गर्ग (सह-उधारकर्ता) कुशाल गर्ग (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHDMN00001278049 और NHIND00001320780	हाउस नं. एमयू. नं. 115, एस. नं. 98/9, पीएच नं. 26, वार्ड नं. 03, ग्राम गुलिझारा, तहसील धरमपुरी, जिला धार (म.प्र.)	रुपए 1,74,87,909/- 26 अक्टूबर 2023	रुपए 81,45,000/- / रुपए 8,14,500/-	21 नवंबर 2023 11:00 एएम- 03:00 पीएम	12 दिसंबर 2023 02:00 पीएम- 03:00 पीएम

ऑनलाइन निलामी हमारी निलामी एजेन्सी **ग्लोब टेक (यूआरएल लिंक https://BestAuctionDeal.com)** के वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। गिरवी रखने वाले/सूचना कुल बकबाकी रकम का **11 दिसम्बर, 2023** को **शाम 05.00** तक आगे के ब्याज के साथ प्रदान करने के लिए सूचना दी जाएगी अन्यथा, सदर प्रतिभूत मालमत्ता की अनुसूची अनुसार बिक्री की जाएगी।

प्रस्तावित बोलीदार सदर बयाना राशी जमा के साथ (रकाना क्र. ई) में संदर्भित) मुहरबंद लिफाफा में सुपरस्क्राइब्ड मालमत्ता के खरीद के लिए प्रस्ताव उनके प्रस्ताव **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, ऑफिस नं.-106, पहलामाला, पुखराज कार्पोरेट, नवलखा, इन्दौर-45001 तहत दिनांक 11 दिसम्बर, 2023 को शाम 04.00** तक भेजे एवं पेश करें। कृपया प्रस्तावित बोलीदार उपरी निर्देशित समय के अनुसार उनके प्रस्ताव निविदा दस्तावेज के हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, ऑफिस नं.-106, पहलामाला, पुखराज कार्पोरेट, नवलखा, इन्दौर-45001 तहत दिनांक 11 दिसम्बर, 2023 को शाम. 5.00 बजे** के पहले पेश करें। बयाना रकम जमा ड्राफ्ट (डीडी) राष्ट्रीयकृत / शेड्युल्ड बैंक से योग्य निलामी आयोजन **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लि.** निलामी के नाम से **रायपुर, धार** तहत पेश करें।

जांच के संबंध में अधिक जानकारी के लिए, निलामी के नियम एवं शर्तें एवं निविदा को पेश करने के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड के सम्पर्क क्र. 022-69974300** पर या हमारे **सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्ससेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** पर सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास कोई भी कारण न देकर सर्व बोली रद्द करने का अधिकार आरक्षित हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के वेबसाइट **https://www.icicihfc.com/** से सम्पर्क करें।

दिनांक : 02 नवंबर, 2023
स्थान : धार

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड